# न्याय और समता संविधान की आत्मा

▶ जनभागीदारी से भव्य जनोत्सव बनेगा उप्र दिवस-2026

## विधायिका समाज को दिशा देती है : मुख्यमंत्री



**लखनऊ 21 जनवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और विधायिका समाज को दिशा देती है. उन्होंने उत्तर प्रदेश दिवस-2026 की तैयारियों का अवलोकन करते हुए इसे भव्य जनोत्सव बनाने पर जोर दिया. सम्मेलन में सदन की प्रभावशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही पर गहन मंथन हुआ, जबकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में व्यवधान की आलोचना की.**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश की विधायिका समाज को दिशा देने का कार्य करती है. मुख्यमंत्री ने यह बात लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही. श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की साक्षी बनी है.

उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को इस वर्ष व्यापक जनभागीदारी के साथ भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा. 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को एक साथ प्रस्तुत किया जाएगा. मुख्यमंत्री योगी ने को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए.इस वर्ष केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के मुख्य अतिथि होंगे, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलेगी. उन्होंने बताया कि राजधानी लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा.लोक, शास्त्रीय और समकालीन कला रूपों को मंच देने के साथ कलाकारों एवं दर्शकों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं. उन्होंने यह भी कहा कि 24 जनवरी को आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी जनपदों के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाए, ताकि प्रदेश की सामूहिक उपलब्धियों का सम्मान किया जा सके.

### सदन में लगातार व्यवधान उचित नहीं : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन में लगातार व्यवधान और नियोजित गतिरोध देश के लोकतंत्र के लिए उचित नहीं हैं। जब सदन बाधित होता है तो सबसे अधिक नुकसान उस नागरिक का होता है, जिसकी समस्या पर चर्चा होनी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि व्यवधान नहीं, बल्कि चर्चा और बातचीत की संस्कृति को मजबूत करना समय की मांग है।

## मणिपुर में कई उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, 21 जनवरी.** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने संयुक्त कार्रवाई में कई उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी किए गए वाहनों को बरामद किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंफाल वेस्ट जिले में एक उग्रवादी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने इंफाल ईस्ट जिले से उग्रवादी संगठन के एक सक्रिय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। उसके पास से चार जिंदा कारतूसों से भरी एक मैगजीन, चार्जर के साथ दो मोबाइल फोन और बिना पंजीकरण नंबर के एक काले रंग का दुपहिया वाहन बरामद किया। इस बीच असम के कामरूप मेट्रो जिले में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार जांच के लिए मणिपुर वापस लाया गया है। एक अन्य कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को भारत-म्यांमार सीमा पर सीमा स्तंभ संख्या 72-73 के पास एक स्थान से तीन आईईडी बरामद किया.

## संभल हिंसा : मुख्य आरोपी शारिक साठा की संपत्ति कुर्क



**संभल, 21 जनवरी. संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के मुख्य आरोपी शारिक साठा की संपत्ति अदालत के आदेश पर कुर्क कर दी गई. पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने दीपासराय स्थित मकान पर कार्रवाई की, जबकि भारी सुरक्षा बल और पीएसी तैनात रहे. शारिक अब तक फरार है और उसके दुबई भागने तथा पनाह देने वाले संबंधों की जांच चल रही है.**

संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के मुख्य आरोपी शारिक साठा की संपत्ति अदालत के आदेश पर कुर्क की गई. आरोपी वर्तमान में मुरादाबाद जेल में बंद है. तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग और जिला पुलिस की टीम ने कार्रवाई की. 19 और 24 नवंबर 2024 को मस्जिद सर्वे के दौरान स्थानीय लोगों के विरोध के कारण हिंसा में पांच लोगों की मौत और दर्जनों घायल हुए थे. शारिक साठा के दुबई भागने और पनाह देने वाले संबंधों की जांच अभी जारी है.

### संभल हिंसा मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट का ट्रांसफर

यूपी के संभल में हिंसा मामले की जांच से जुड़े चंदौसी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर का ट्रांसफर कर दिया गया है। विभांशु सुधीर ने संभल हिंसा में सीओ और एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्रांसफर पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है.

# भारत और स्पेन दोनों आतंकवाद के शिकार



उन्होंने रक्षा सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि पहला 'मेड इन इंडिया' सी295 विमान इस वर्ष सितंबर से पहले सामने आने की उम्मीद है. साथ ही उन्होंने पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संपर्क को दोनों देशों के रिश्तों की अहम कड़ी बताया.

**नई दिल्ली . 21 जनवरी. देश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस के साथ द्विपक्षीय बैठक की, जिसमें भारत-स्पेन संबंधों को और सुदृढ़ करने पर व्यापक बैठक की शुरुआत में जयशंकर ने कहा कि दुनिया बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है और साझा चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है.**

उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रुख अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत और स्पेन दोनों ही आतंकवाद के शिकार रहे हैं, इसलिए इसके प्रति जीरो टॉलरेंस जरूरी है.

जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, बहुपक्षवाद और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर आधारित हैं. उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में भारत और स्पेन अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मनाएंगे, जिसके तहत संस्कृति, पर्यटन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को समर्पित दोहरे वर्ष का आयोजन किया जाएगा.

आर्थिक सहयोग को द्विपक्षीय संबंधों का मजबूत स्तंभ बताते हुए जयशंकर ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर चुका है.

## नासा की सुनीता विलियम्स 27 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त



**वाशिंगटन.** नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता सुनी विलियम्स 27 वर्षों की सेवा के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी से सेवानिवृत्ति हो गयी हैं. यह उनके एक अत्यंत सफल मानव अंतरिक्ष उड़ान करियर का अंत है. नासा ने बताया कि उनकी सेवानिवृत्ति 27 दिसंबर 2025 से प्रभावी हुयी है. सुनीता विलियम्स अपने रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियों और नेतृत्व भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं.

# हरियाणा, उत्तराखंड के जिलाध्यक्षों को प्रशिक्षण



**कुरुक्षेत्र, 21 जनवरी। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार सुबह हरियाणा दौरे के तहत कुरुक्षेत्र पहुंचे, जहां वह 'संगठन सृजन अभियान' में शामिल हुए और पार्टी जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया।**

राहुल गांधी विशेष विमान से सुबह अंबाला वायुसेना केन्द्र पहुंचे, जहां श्री गांधी का कांग्रेस प्रभारी बी. के. हरिप्रसाद, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनका स्वागत किया। अंबाला से श्री गांधी सड़क मार्ग के जरिए कुरुक्षेत्र पहुंचे।

कुरुक्षेत्र में पंजाबी धर्मशाला में कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत जिला अध्यक्षों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें श्री गांधी हिस्सा ले रहे हैं। इस शिविर में हरियाणा और उत्तराखंड के कांग्रेस जिला अध्यक्षों को संगठन को मजबूत करने, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने और आगामी चुनावों की रणनीति को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत में श्री गांधी ने दोनों राज्यों के जिला अध्यक्षों के परिवारों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने संगठन में परिवारों के सहयोग और भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

### खरगे ने केरल कांग्रेस के नेताओं की बुलायी बैठक

**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केरल विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में बैठक बुलायी है. पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह बैठक पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में 23 जनवरी को होगी. गौरतलब है कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा कांग्रेस नेतृत्व एक के बाद एक चुनावी राज्यों के नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक कर रहा है. इस वर्ष विधानसभा चुनाव वाले राज्य पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुड्डुचेरी के नेताओं के साथ बैठक का दौर जारी है.

## 3 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू



**नयी दिल्ली, 21 जनवरी . चुनाव आयोग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन ( आईआईसीडीईएम-2026 ) का शुभारंभ करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को कहा कि बीते दशकों में निर्वाचन प्रबंध निकायों की भूमिका का दायरा काफी फैला है.**

कार्यक्रम की शुरुआत यहां भारत मंडपम में एक औपचारिक स्वागत समारोह के साथ की गयी. इसमें विभिन्न देशों से आये प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों का अभिनंदन किया गया.

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ-साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में लगभग 60 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया. उद्घाटन सत्र में करीब एक हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया.

# बंगलादेश से वापस आयेंगे राजनयिकों के परिवार

## खुफिया चेतावनियां मिलीं, खालिस्तानी और विदेशी आतंकी साजिश की आशंका

**नई दिल्ली, 21 जनवरी. बंगलादेश में अपने राजनयिकों तथा उनके परिवारों पर संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद भारत ने वहां से राजनयिकों के परिजनों को वापस लाने का निर्णय लिया है, हालांकि इस बारे में औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गयी है.**

उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम एक एहतियाती उपाय है और यह इस बात का संकेत भी है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बंगलादेश की सरकार के कारण द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे हैं. खुफिया जानकारी के अनुसार अगस्त 2024 में छात्रों के विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किये गये उग्रवादियों के कई संगठन बंगलादेश में फिर से संगठित हो गये हैं और वहां उन्हें एक तरह की मान्यता भी मिल रही है. खुफिया आकलन में कहा गया है कि ये तत्व भारतीय राजनयिकों और उनके परिवारों को निशाना बना सकते हैं.

इस संभावित खतरे के मद्देनजर सरकार ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बंगलादेश में तैनात भारतीय राजनयिकों के परिवारों को ऐहतियात के तौर पर स्वदेश बुलाने का निर्णय लिया है.

### शत्रुतापूर्ण रुख को लेकर बढ़ती चिंता

भारत की रणनीतिक व्यवस्था को बंगलादेश में उग्रवादी ताकतों के पुनरुत्थान और इस्लामवादी आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत के खिलाफ बढ़ती कटु भाषा और शत्रुतापूर्ण रुख को लेकर बढ़ती चिंता है. अधिकारियों का मानना है कि यह सुरक्षा परिदृश्य पिछले दशक में दोनों देशों के बीच निरंतर आतंकवाद-रोधी सहयोग से हासिल की गयी स्थिरता की तुलना में काफी बिगड़ गया है.

### आज का इतिहास

1666- दुनिया को ताज महल के रूप में मोहब्बत का अजीम तोहफा देने वाले मुगल बादशाह शाहजहां का निधन।

1673- न्यूयॉर्क और बोस्टन के बीच डाक सेवा की शुरुआत हुई।

1760- वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसिसियों को हराया।

1837- दक्षिणी सीरिया में भूकंप से हजारों लोगों की जान चली गई।

1892- भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले क्रांतिकारियों में से एक ठाकुर रोशन सिंह का जन्म।

# नीतीश ने किया 45 नई योजनाओं का शिलान्यास

**450** 30 करोड़ रुपये की आएगी लागत

**86** .50 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन



**पटना 21 जनवरी. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान सारण जिले में 450.30 करोड़ रुपये की लागत वाली 45 नई योजनाओं का शिलान्यास और 86.50 करोड़ रुपये से तैयार 24 योजनाओं का उद्घाटन किया.**

श्री कुमार आज बिहार में चल रही समृद्धि यात्रा के क्रम में सारण जिले के मुख्यालय छपरा शहर में पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, कृषि और बुनियादी ढांचे से जुड़ी 45 परियोजनाओं का शिलान्यास किया और पूरी हो चुकी 24 योजनाओं का उद्घाटन किया . इन सभी योजनाओं से जिले की कनेक्टिविटी, चिकित्सा सुविधाओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है. मुख्यमंत्री का काफिला आज हेलीकॉप्टर से छपरा हवाई अड्डे पर उतरा, जहां से वे सड़क मार्ग से सबसे पहले प्रखंड कार्यालय के पास पहुंचे और वहां महिला आईटीआई होस्टल का उद्घाटन करने के साथ ही जीविका दीदीयों कों सिलाई मशीन भी वितरित किया. उसके बाद मुख्यमंत्री बिनटोली गांव में गए और वहां निर्माणाधीन बस अड्डा के पास बने मुख्य मंच से रिमोट कंट्रोल से योजनाओं का डिजिटल उद्घाटन और शिलान्यास किया. मुख्यमंत्री ने श्री कुमार ने वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य शहर से लेकर गांव तक संतुलित विकास सुनिश्चित करना है, ताकि हर वर्ग को बेहतर सुविधाएं मिल सकें. उन्होंने कहा कि सारण जिले को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस और बड़े निवेश किए जा रहे हैं. आने वाले समय में इन योजनाओं के क्रियान्वयन से छपरा एक विकसित और सुविधासंपन्न जिले के रूप में उभर सकता है.

# इंजीनियर मौत : एसआईटी 5 दिन में रिपोर्ट सौंपेगी

## अदालत ने लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाई

**नोएडा, 21 जनवरी. नोएडा के सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की डूबने से हुई मौत मामले की जांच तेज़ कर दी गई है. योगी सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय एसआईटी टीम पांच दिन के भीतर शासन को रिपोर्ट सौंपेगी. मृतक के परिवार से फिर से बयान लिए जाएंगे.**

एसआईटी टीम मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर के नेतृत्व में प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्राधिकरण के अधिकारियों के सभी पहलुओं की जांच कर रही है. नोएडा में 27 वर्षीय इंजीनियर युवराज मेहता की बेसमेंट में गड़े गड्ढे में डूबकर मौत की घटना ने प्रशासन और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं. मृतक की कार को पानी से मंगलवार देर शाम निकाला गया.

घटना स्थल पर कोई बैरिकेड या चेतावनी नहीं थी, जिससे हादसा और गंभीर हुआ. नोएडा के सेक्टर 150 में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में सीजेएम कोर्ट ने आरोपी बिल्डर अभय को 27 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा.

सरकार ने तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की है, जिसका नेतृत्व मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर कर रहे हैं. टीम में मेरठ मंडलायुक्त और पीडब्लूडी के चीफ इंजीनियर भी शामिल हैं. एसआईटी टीम पांच दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी. जांच में प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड और नोएडा प्राधिकरण के सभी संबंधित अधिकारियों की भूमिका की गहन पड़ताल की जा रही है.

## राष्ट्रपति मुर्मु ने 3 राज्यों को दी स्थापना दिवस की बधाई

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी और शांति तथा समृद्धि से भरे भविष्य की कामना की. श्रीमती मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच पर शुभकामना संदेश में लिखा, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर के लोगों को उनके राज्य की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ. ये राज्य समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीवंत परंपराओं और असाधारण प्राकृतिक सुंदरता से धन्य हैं.

# सबरीमाला स्वर्ण चोरी : ए . पद्म कुमार की जमानत खारिज



**कोच्चि, 21 जनवरी. केरल उच्च न्यायालय ने बुधवार को सबरीमाला स्वर्ण चोरी मामले में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ए. पद्मकुमार और दो अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं.**

न्यायमूर्ति ए. बदरुद्दीन ने याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि आरोपों की गंभीरता और अदालत के समक्ष रखे गए साक्ष्यों की प्रकृति को देखते हुए आरोपी जांच के इस चरण में जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं. ये आरोप मंदिर की संपत्तियों के प्रबंधन में विश्वास के गंभीर उल्लंघन से संबंधित हैं. अदालत ने श्री पद्मकुमार के अलावा टीडीबी के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बी. मुरारी बाबू और कर्नाटक स्थित जौहरी रोद्दम पांडुरंगैया नागा गोवर्धन को भी जमानत देने से इनकार कर दिया.

**फिर दावा** ▶ ट्रंप ने कहा - मेरे कदमों से करोड़ों लोगों की जान बची

# ट्रंप ने दी ईरान को मिटाने की धमकी



**वाशिंगटन, 21 जनवरी. अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि उन पर हमला हुआ तो ईरान को धरती के नक्शे से मिटा दिया जाएगा। जवाब में ईरान के सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि उनके नेता पर हाथ बढ़ा तो दुश्मनों की दुनिया आग में झोंक दी जाएगी।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर अब तक का सबसे कठोर और आक्रामक बयान दिया है। एक टीवी इंटरव्यू में ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा कि यदि उन पर किसी भी तरह का हमला होता है, तो ईरान को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा और उसे धरती के नक्शे से मिटा दिया जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रंप ने ईरानी नेतृत्व पर उन्हें जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने सुरक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए हैं कि किसी भी खतरे का जवाब बेहद सख्ती से दिया जाए। साथ ही उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया।

**दुनिया को आग में झोंक देंगे : शेखरची-** ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अब बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंचता दिख रहा है। ईरान के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता जनरल अबोलफजल शेखरची ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी चेतावनी दी है।

### फिर ट्रंप कहा- मैंने भारत-पाक युद्ध रोका

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले युद्ध को रोका। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों में लड़ाई इतनी भयंकर थी कि परमाणु हथियारों तक मामला पहुँच सकता था, लेकिन उनके हस्तक्षेप से लाखों और शायद करोड़ों लोगों की जान बच गई। व्हाइट हाउस में अपने प्रशासन के पहले वर्ष की उपलब्धियों का विवरण पेश करते हुए ट्रंप ने युद्ध रोकने को सबसे बड़ी उपलब्धि बताया।

### तकनीकी खराबी आने पर वापस लौटा ट्रम्प का विमान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का विमान एयर फ़ोर्स वन मंगलवार को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी आने के कारण संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट आया। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी। श्री ट्रंप विश्व आर्थिक मंच 2026 में शामिल होने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस जा रहे थे। टीम ने सोशल मीडिया पर कहा, उड़ान भरने के बाद एएफ1 के क्रू सदस्यों ने विमान में तकनीकी खराबी का पता लगाया। पूरी सावधानी बरतते हुए, एएफ1 संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट रहा है।

# राजस्थान सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिये कई महत्वपूर्ण निर्णय



**जयपुर 21 जनवरी. राजस्थान सरकार ने अशांत क्षेत्रों में स्थायी निवासियों की सम्पत्तियों एवं किरायेदारों के अधिकारों के संरक्षण के लिए राजस्थान अशांत क्षेत्रों में अचल संपत्ति हस्तांतरण निषेध एवं किरायेदार संरक्षण विधेयक-2026 के प्रारूप को मंजूरी, राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेन्स पॉलिसीङ्क2025 का अनुमोदन एवं प्रदेश की पहली राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसीङ्क2025 को मंजूरी सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं.**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मंत्रिमण्डल की बैठक में ये फैसले किए गए. बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री जोगा राम पटेल, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने पत्रकारों को बैठक में लिए निर्णयों की जानकारी दी.

## आईएनएस सुदर्शिनी रवाना, लोकायन 26 की शुरुआत

**कोच्चि.** भारतीय नौसेना के पाल प्रशिक्षण जहाज आईएनएस सुदर्शिनी ने कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान से लोकायन 26 की रवानगी के साथ एक ऐतिहासिक वैश्विक यात्रा की शुरुआत की है. यह दस महीने लंबा एक महासागरीय नौकायन अभियान है. यह ऐतिहासिक यात्रा भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दिखाती है और व्यावसायिक प्रशिक्षण, समुद्री उत्कृष्टता और वैश्विक जुड़ाव के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता दिखाती है. वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से सोचा गया और महासागर के दर्शन से प्रेरित लोकायन 26 का मकसद समुद्रों और महाद्वीपों में सहयोग, विश्वास और मित्रता के स्थायी रिश्ते बनाना है.